(ख) रेल बजट 1994-95 में 46.84 करोड़ रुपये ।

आठवीं योजना के अंतिम 2 वर्षों में आबंटन किए जाने वाले धन का विनिश्चय आगामी वर्षों में किया जाएगा ।

महाराष्ट्र में रेल लाइनों के गेज-परिवर्तन के लिए धनराशि का आवंटन

4783. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के वार्षिक रेल बजट में केन्द्रीय सरकार ने महाराष्ट्र राज्य की छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने हेतु कितनी धनराशि आवंटित की है;

(ख) राज्य सरकार ने किन-किन योजनाओं और परियोजनाओं के प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत किये हैं;

(ग) राज्य में छोटी लाइनों और बड़ी लाइनों की वर्तमान स्थिति क्या है और दोनों प्रकार की लाइनों की कुल लम्बाई कितनी-कितनी है ;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार ने सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के अन्त तक राज्य की रेल लाइनों के परिवर्तन के कार्य संबंधी योजना को मंजूरी दे दी है, क्या उसे सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के अन्त तक पूरा कर दिया गया था; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) 23.69 करोड़ रुपये ।

(ख)	छोटी/मीटर लाइनों का आमान परिवर्तन	नई लाइनें
(i)	औरंगाबाद-परभनी	(i) वर्धा-यावतमाल पुसाड-नांदेड
(ii)	परभनी-मुदखेड-आदिलाबाद	(ii) अमरावती-नरखेड़
(iii)	गोंदिया-चांदा फोर्ट	(iii) खामगांव-जालना
(iv)	शोलापुर-बीजापुर	(iv) पंढरपुर-लोनांढ
(v)	दौंड-बारामती	(v) कोल्हापुर-रत्नागिरी
(vi)	मिरज -लातूर	(vi) शोलापुर-बीड औरंगाबाद-चालीसगांव
(vii)	पचोरा- जामनेर	(vii) पुणे- नासिक
(viii)	नागपुर- नागभीर	

(ग) से (ङ) 31-3-93 को महाराष्ट्र में अलग-अलग आमान की लाइनों की किलोमीटर दूरी नीचे दी गई है:-

ब० ला० . . .	3600.83 कि० मी०
मी० ला० . . .	754.19 कि० मी०
छो० ला० . . .	1100.05 कि० मी०

महाराष्ट्र में अनुमोदित आमान परिवर्तन परियोजनाओं की स्थिति :—

i.	दौंड-बारामती (42 कि० मी०)	1993-94 में पूरी हो गयी है
ii.	मनमाड-औरंगाबाद (114 कि० मी०) औरंगाबाद-जालना (64 कि० मी०) परभनी-पर्ली बैजनाथ (64 कि०मी०)	पूरी हो गयी हैं और यातायात के लिए खोल दी गयी हैं
iii.	जालना-परभनी (114 कि० मी०)	1993-94 में पूरी हो गयी है।
iv.	परभनी-पूर्णा-(29 कि० मी०)	1994-95 में पूरा करने का लक्ष्य है।
v.	आदिलाबाद-मुदखेड (162 कि० मी०)	1995-96 में पूरा करने का लक्ष्य है।
vi.	मुदखेड़-पूर्णा (53 कि० मी०)	1996-97 में पूरा करने का लक्ष्य है।
vii.	गोंदिया-चांदा फोर्ट (248 कि० मी०)	
	गोंदिया-वडसा (105 कि० मी०)	1993-94 में पूरी हो गयी है।
	वडसा-चांदाफोर्ट (143 कि० मी०)	1996-97 में पूरा करने का लक्ष्य है।
viii.	मिराज-लातूर (359 कि०मी०)	अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है और योजना आयोग का अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर कार्य शुरू किया जायेगा।

Dereservation in Group-A post in Railways

4784. SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHAJI RAO SHINDE : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Group-A promotion posts in Railway Engineering Services are often dereserved and filled in by other class employees;

(b) if so, the number and details of cases during 1990 to 1993 zone-wise where the posts in the said category were dereserved and in how many of these cases the posts were dereserved, despite the availability of competent SC/ST hands, if so, how many such complaints and representations have been made by the aggrieved SC/ST candidates; and

(c) what steps have been taken to prevent such dereservation of Group-A posts?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF) : (a) to (c) Information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.